मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
■ वर्ष : 42 ■ अंक : 177 ■ बुधवार, 2 अक्टूबर 2024 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now /ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# उल्हासनगर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

- शांतिनगर के फैलकन होटल के पास की छापेमारी
- देह व्यापार चला रही महिला दलाल गिरफ्तार
- ठाणे क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई
- दो पीड़ितों को किया मुक्त

**उल्हासनगर.** ठाणे सिटी क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल (एएचटीसी) ने गुप्त सूचना के आधार पर उल्हासनगर में एक बड़े सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। इस छापेमारी में किरण राजदेव नाम की महिला को गिरफ्तार किया गया है और दो पीड़ित लड़कियों को देह



व्यापार के जाल से मुक्त कराया गया है. एएचटीसी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी को मिली गुप्त सूचना के अनुसार एक महिला दलाल सेंट्रल पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत कार बाजार, जय माता दी नगर, शांतिनगर क्षेत्र में फाल्कन होटल के पास युवतियों को ग्राहक के रूप में आपूर्ति करने के इरादे से आएगी। इस जानकारी के आधार पर एएचटीसी ठाणे शहर की टीम ने तत्काल कार्रवाई की और योजनाबद्ध जाल बिछाने के लिए फर्जी ग्राहकों को भेजा।



गिरफ्तार महिला दलाल को कोर्ट ले जाती पुलिस

ठाणे एएचटीसी की एक टीम ने छापा मारा वेश्यावृत्ति का कारोबार चला रही महिला दलाल किरण राजदेव को गिरफ्तार कर लिया। इस महिला के कब्जे से दो युवा पीड़ितों को भी मुक्त कराया गया है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला पिछले दो-तीन साल से इस देह व्यापार के धंधे में सक्रिय है और कई युवतियों को देह व्यापार के दलदल में धकेलने का काम कर रही है. आरोपी महिला पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और PITA अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है। युवा पीड़ितों को सुरक्षा के लिए महिला सुधार गृह में भेजने की प्रक्रिया चल रही है।

### ठाणे शहर अपराध शाखा की टीम

यह छापेमारी ठाणे शहर अपराध शाखा के वरिष्ठ अधिकारियों, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतना चौधरी, पुलिस उप-निरीक्षक नीलेश क्षीरसागर, डी. के मार्गदर्शन में की गई। वी चव्हाण, श्रद्धा कदम, डी. वाल्घुडे, डी. मोहिते, के बी पाटिल, हर्षिता थोराट, पुनम खरात और किरण चांडेकर संयुक्त रूप से ठाणे एएचटीसी की इस छापेमारी की बदौलत उल्हासनगर में एक और सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है. ठाणे सिटी पुलिस आयुक्तालय की अपराध शाखा ने शहर में ऐसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया है, ठाणे पुलिस महिलाओं की सुरक्षा और उन्हें इस असामाजिक जाल से मुक्त कराने के लिए एक मजबूत अभियान पर है।

# अंबरनाथ में धड़ल्ले से चल रहे हैं जीन्स कारखाने

- आरपीआई अध्यक्ष धनावडे ने की कार्रवाई की मांग

उल्हास विकास संवाददाता




**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में जीन्स वाशिंग कारखाने धड़ल्ले से चल रहे हैं. इन कारखानों का दूषित एवं केमिकल युक्त पानी वालधुनी नदी में छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण नदी का पानी प्रदूषित हो रहा है. बेगुनाह जानवर ये पानी पी रहे हैं, जिसके कारण उनकी जान को धोखा हो गया है. इसके साथ ही नदी के आसपास रहनेवालों के स्वास्थ्य को भी धोखा हो गया है. इन अवैध जीन्स कारखानों पर कार्रवाई करके उनको बंद किया जाए. ऐसी मांग आरपीाई आठवले अंबरनाथ शहर अध्यक्ष दीपक धनावडे ने महाराष्ट्र प्रदूषण मंडल के अधिकारियों से की है. शहर पूर्व एमआईडीसी के पास वैभव होटल के नजदीक अवैध रूप से जीन्स वॉश कारखाने शुरू है. जहां पर जीन्स कपड़ों पर रासायनिक प्रक्रिया करके उन कपड़ों को वॉश किया जा रहा है. और उसका दूषित पानी वालधुनी नदी में छोड़ा जा रहा है. जिसके कारण नदी के आसपास के रहिवासी केमिकल के बदबू से परेशान हैं. उनकी स्वास्थ्य को धोखा हो गया है. धनावडे ने इन कारखानों को तुरंत बंद करने की मांग की है. अगर प्रदूषण मंडल ने कार्रवाई नहीं की तो आंदोलन छेड़ देने की धमकी उन्होंने दी है. विदित हो कि इससे पूर्व भी हमने जीन्स कारखानों की खबर को प्रकाशित किया था. प्रदूषण मंडल ने कारखानों पर कार्रवाई करके उसे बंद किया था. प्रदूषण मंडल के अधिकारियों के आशीर्वाद से फिर से ये अवैध जीन्स कारखाने धड़ल्ले से चलाए जा रहे हैं.

# अंबरनाथ शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय के लिए एमबीबीएम की 100 जगह मंजूर

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा अंबरनाथ के शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय के शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए एमबीबीएस के लिए 100 जगह की मंजूरी दी गई है. इसके लिए सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, स्थानीय विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने विशेष प्रयत्न किया है. ऐसी जानकारी शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय के डॉ. संतोष वर्मा ने दी है. भविष्य में डॉक्टर बनने का ख्वाब देनेवाले ठाणे जिला और महाराष्ट्र के विद्यार्थियों को इसका विशेष लाभ होगा. ऐसा डॉ. वर्मा ने कहा है.

विदित हो कि सांसद और विधायक के अथक प्रयत्नों के बाद अंबरनाथ में शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय के लिए शहर पूर्व में गोविंद पुल के पास शेतकी सोसायटी के पास इमारत निर्माण के लिए टेंडर भी निकाला गया था. लेकिन शेतकी सोसायटी का कहना है, सरकार ने ये जगह उन्हें दी है. इस विवाद को लेकर शेतकी सोसायटी ने न्यायालय में याचिका दायर की है. इसलिए यहां शासकीय महाविद्यालय के सरकार द्वारा निकाले गए टेंडर को रोक दिया गया है. शहर पूर्व में ही ग्रीन सिटी के पास प्रशासन ने एक इमारत को किराये पर लिया है. वहीं पर शासकीय वैद्यकीय महाविद्यालय को संचालित किया जाएगा. ऐसी हमें पक्की जानकारी मिली है.

# पुलिस कांस्टेबल पर जानलेवा हमला

- सेंट्रल हास्पिटल में आरोपी ने स्टूल से मारकर किया घायल
- इससे पहले महिला पुलिसकर्मी पर भी कर चुका है हमला

**उल्हासनगर.** सेंट्रल हॉस्पिटल में इलाज करा रहे आरोपी बाबासाहेब सोनावणे ने सोमवार दोपहर पुलिस कांस्टेबल कृष्णकांत सोंगाल पर स्टील के स्टूल से हमला कर दिया. पिछले हफ्ते इस आरोपी ने विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में एक महिला पुलिसकर्मी पर ब्लेड से हमला किया था.

पिछले हफ्ते विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने आए बाबासाहेब सोनावणे ने एक महिला सिपाही पर ब्लेड से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल



कर दिया था. इस मामले में गिरफ्तार बाबासाहेब सोनवणे का इलाज सेंट्रल अस्पताल में चल रहा है. सोमवार दोपहर 12 बजे जब आरोपी सोनावणे को डिस्चार्ज किया जा रहा था तो पुलिस कांस्टेबल कृष्णकांत मारुति सोंगल मेडिकल मेमो लिख रहे थे. उस समय पुलिस कांस्टेबल सुनील मगरे के साथ शौचालय से आये बाबासाहेब सोनावणे ने कहा, क्या आप मेरा मृत्यु प्रमाण पत्र लिख रहे हो? और आरोपी ने सोंगल के सिर पर स्टील का स्टूल मारकर उसे घायल कर दिया। ऐसे में सेंट्रल हॉस्पिटल की तीसरी मंजिल पर हंगामा मच गया.

आरोपियों के हमले में घायल पुलिस कांस्टेबल कृष्णकांत सोंगल की शिकायत पर आरोपी बाबासाहेब सोनावणे के खिलाफ सेंट्रल थाने में सरकारी काम में बाधा डालने, मारपीट कर घायल करने का मामला दर्ज किया गया है. ऐसे में पुलिस विभाग में हड़कम्प मच गया है और माथेफिरु बाबासाहेब सोनावणे के खिलाफ जांच और सख्त कार्रवाई करने की मांग की जा रही है. इस मामले में आगे की जांच सेंट्रल पुलिस कर रही है.

## गुटखा नहीं देने पर दोस्त के पेट में चाकू घोंपा

**उल्हासनगर.** कैंप नंबर-2, गुरुनानकनगर के सनी सिंह लबाना रविवार आधी रात को घर जा रहे थे। इसी समय तारसिंह दिलीपसिंह ने सन्नीसिंह से खाने के लिए गुटखा मांगा और उसे गुटखा खाने को नहीं देने से नाराज होकर सनी सिंह के पेट में चाकू से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस संबंध में सेंट्रल थाने में मामला दर्ज किया गया है. गुरुनानकनगर, उल्हासनगर कैंप नंबर-2 में रहने वाले सनी सिंह लबाना रविवार दोपहर 1 बजे घर जा रहे थे। उस समय दोस्त रहे तारासिंह दिलीपसिंह ने सनी से गुटखा मांगा। लेकिन तारासिंह दिलीपसिंह ने गुटखा नहीं देने पर गुस्से में आकर सन्नी लबाना के पेट में चाकू घोंप दिया। इसमें सन्नी गंभीर रूप से घायल हो गया और घायल सन्नी का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

# बदलापुर कांड : स्कूल के अध्यक्ष और सचिव की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

- HC ने पुलिस को लगाई फटकार

**मुंबई.** महाराष्ट्र के बदलापुर में एक स्कूल दो मासूम बच्चियों के साथ हुए यौन शोषण मामले में बॉम्बे हाई कोर्ट ने पुलिस को कड़ी फटकार लगाई है. इस मामले की जांच कर रही एसआईटी से हाई कोर्ट ने पूछा कि वो स्कूल अध्यक्ष और सचिव को अभी तक क्यों नहीं पकड़ पाई है. इसके साथ ही कोर्ट ने दोनों आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी. इस मामले की अगली सुनवाई 23 अक्टूबर को तय की गई है.

जस्टिस आर एन लड्ढा ने कहा कि दोनों आरोपी स्कूल अध्यक्ष



और सचिव को 16 अगस्त से पहले वारदात के बारे में पता था, लेकिन उन्होंने पुलिस या स्थानीय प्राधिकरण को इसकी सूचना देने के लिए कोई कदम नहीं उठाया. ये एक गंभीर अपराध है. दोनों पीड़ित बच्चियां अभी नाबालिग हैं. उन्होंने जिस तरह का आघात सहा है, वो उनके किशोरावस्था पर स्थायी मनोवैज्ञानिक प्रभाव डाल सकते हैं.

इससे पहले जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने सवाल उठाया कि पुलिस आमतौर पर किसी भी आरोपी को पकड़ने के लिए किसी भी हद तक जाती है. लेकिन इस मामले में वो आरोपी स्कूल ट्रस्टियों अध्यक्ष और सचिव को गिरफ्तार नहीं कर पा रही है. इन दोनों पर घटना की सूचना तुरंत पुलिस को न देने और लापरवाही बरतने का आरोप है. इनके खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज है.

महाधिवक्ता बीरेंद्र सराफ ने कोर्ट को बताया कि दोनों आरोपी अभी फरार हैं. उन्हें पकड़ा नहीं गया है. दोनों ने हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दी है. कोर्ट ने कहा, ₹पुलिस किसी भी आरोपी को पकड़ने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है. आखिर वे इन दोनों को क्यों नहीं पकड़ पाए? क्या वे अग्रिम जमानत मिलने का इंतजार कर रहे हैं? इस पर सराफ ने कहा कि पुलिस दोनों को पकड़ने की कोशिश कर रही है.

## छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति बनाने का ठेका अनुभवहीन कंपनी को !

# मूर्तिकार राजेंद्र आल्हाट बैठे आमरण अनशन पर



**बदलापुर.** मालवण के राजकोट किले में बनी छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सार्वजनिक माफी मांगनी पड़ी. मालवण की तरह बदलापुर में भी लगभग 300 प्रतिमाएं बना चुके अनुभवी मूर्तिकार राजेंद्र आल्हाट ने एक अनुभवहीन कंपनी को ठेका दिए जाने का आरोप लगाते हुए बदलापुर नगर पालिका के पुराने मुख्यालय के बाहर आमरण अनशन शुरू कर दिया है. साथ ही आल्हाट ने टेंडर व्यवस्था का उल्लंघन कर न्यूनतम दर व अनुभव के बिना काम देने का आरोप लगाया है. हालांकि नगर पालिका का कहना है कि यह काम कॉन्सेप्ट और प्रेजेंटेशन से किया गया है। इसके चलते बदलापुर की शिव राय की मूर्ति भी विवादों के घेरे में आ गई है.

कुलगांव बदलापुर नगर पालिका ने उल्हास नदी के पास छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा स्थापित करने के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं। इस टेंडर प्रक्रिया में कराहा स्टूडियो, बालाजी, संकेत कैलास सालुंखे, राज इंटरप्राइजेज ने हिस्सा लिया. 29 अगस्त को नपा प्रशासन ने टेंडर भरने वाली कंपनियों को प्रजेंटेशन के लिए बुलाया था। प्रस्तुतिकरण और निविदाकारों के साथ चर्चा के दौरान, यह पता चला कि कराहा स्टूडियो ने एक भी मूर्ति स्थापित नहीं की थी। दूसरे बोलीदाता बालाजी ने दो से तीन मूर्तियां स्थापित की थीं। मूर्तिकार राजेंद्र आल्हाट ने जानकारी दी है कि तीसरे बोलीदाता संकेत कैलास सालुंखे ने मूर्ति का काम ही नहीं किया.

वहीं आल्हाट का कहना है कि कला के क्षेत्र में मेरे पास 28 साल का अनुभव है और मैंने कांस्य धातु की 300 से 400 मूर्तियां स्थापित की हैं. जमा किए गए टेंडर में कराहा स्टूडियो ने 95 लाख 28 हजार 600, बालाजी कंपनी ने 99 लाख 08 हजार 600 और संकेत कैलास सालुंखे ने 97 लाख 13 हजार 200 की बोली लगाई. आल्हाट ने कहा है कि हमने राज इंटरप्राइजेज की ओर से 63 लाख 13 हजार का कोटेशन दिया. आल्हाट का कहना है कि न्यूनतम टेंडर के बावजूद कराहा स्टूडियो को काम दिया गया. वित्तीय सांठगांठ के कारण सुधारित निविदा प्रणाली में व्यवधान के कारण मालवन हादसे की पुनरावृत्ति होने की आशंका है। इन आरोपों के साथ ही आल्हाट ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है.

## 80 वर्षीय पिता ने की बेटे की हत्या

**मुंबई.** दादर में एक 80 वर्षीय व्यक्ति को अपने बेटे की चाकू घोंपकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पिता ने शुरू में पुलिस स्टेशन में झूठी शिकायत दर्ज कराकर अधिकारियों को गुमराह करने का प्रयास किया, जिसमें दावा किया गया कि किसी और ने उसके बेटे पर धारदार हथियारों से हमला किया और उसे चाकू घोंप दिया।

हालांकि, पुलिस द्वारा इलाके से सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद झूठ का पर्दाफाश हो गया। फुटेज में साफ तौर पर पिता को हत्या से पहले और बाद में अपने बेटे के साथ देखा जा सकता है। इसके अलावा, प्रत्यक्षदर्शी भी सामने आए, जिन्होंने पुष्टि की कि उन्होंने पिता को अपराध करते देखा था।

साक्ष्य मिलने के बाद दादर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर बुजुर्ग को गिरफ्तार कर लिया। जांच में पता चला कि आरोपी और मृतक दोनों ही मूल रूप से औरंगाबाद के रहने वाले थे।

# कालेज के वाचमैन ने की छात्रा से छेड़छाड़, गिरफ्तार

**उल्हासनगर.** बदलापुर में जहां दो युवतियों के साथ स्कूल में ही छेड़छाड़ की घटना ताजा है, वहीं उल्हासनगर शहर के एक स्कूल में सुरक्षा गार्ड द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। इस मामले में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के पदाधिकारियों ने स्कूल में जाकर सुरक्षा गार्ड की पिटाई कर दी. आरोपी भीम बहादुर खड़क के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में POCSO के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है.

उल्हासनगर के एक मशहूर स्कूल की खेल प्रतियोगिता स्कूल के नजदीक प्रभात गार्डन में चल रही थी. इसलिए प्रतियोगिता के बाद छात्रा अगले समारोह के लिए अपने कपड़े बदलने के लिए स्कूल गई। गार्ड राम बहादुर खड़क ने स्कूल का गेट नहीं खोला। छात्राओं के अनुरोध के बाद उसने गेट खोला और उनसे कहा कि वहां कैमरे नहीं



हैं, इसलिए परदे के पीछे कपड़े बदल लो, तुम्हें कोई नहीं देखेगा। लेकिन जब छात्रों ने अपने कपड़े बदले तो उसने उन्हें देखा और टिप्पणी की। तो डरी हुई छात्राएं भागकर समारोह स्थल पर पहुंच गई. इसकी जानकारी जैसे ही कुछ युवकों को हुई तो वे स्कूल पहुंचे और सुरक्षा गार्ड की पिटाई कर दी. जब छात्रों ने अपने माता-पिता को घटना की जानकारी दी, तो स्कूल प्रबंधन और अभिभावक तुरंत हिललाइन पुलिस स्टेशन पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया.

# 125 किलो नकली घी-मक्खन जब्त

- कडोंमपा मार्केट लाइसेंसिंग विभाग द्वारा कार्रवाई

**कल्याण.** कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के मार्केट लाइसेंसिंग विभाग ने सोमवार दोपहर यहां गफूर डान चौक इलाके से नकली घी और मक्खन का 125 किलोग्राम स्टॉक जब्त किया है। नकली सामान का यह जखीरा बिक्री के लिए भिवंडी से कल्याण लाया गया था। महानगर पालिका ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने बाजार पुलिस को मामले की जानकारी दी। मनपा और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है.

नकली स्टॉक बेचने के लिए ला रहे मोमिन अब्दुल मुनाफ हारून रशीद, तौसीफ इकबाल काजी (निवासी खड़क रोड, तीनबत्ती नाका, भिवंडी) भिवंडी के निजामपुरा इलाके में रहने वाले हैं। 125 किलो घी के पांच डिब्बे,



30 किलो मक्खन के दो डिब्बे में थे. महानगर पालिका के मार्केट लाइसेंसिंग विभाग के सहायक आयुक्त प्रसाद ठाकुर को गुप्त सूचना मिली थी कि भिवंडी के कुछ लोग कल्याण के गफूर डान चौक इलाके की दुकानों में नकली घी, मक्खन बेचने आ रहे हैं.

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक आयुक्त ठाकुर, मार्केट लाइसेंसिंग विभाग के प्रशांत धीवर और साथी कर्मचारी तुरंत गफूर डान चौक में दाखिल हुए। उस समय घी और मक्खन के डिब्बे कार से दुकान पर उतारने का काम शुरू हुआ। सहायक आयुक्त ठाकुर ने आईएसएमए से इस घी और मक्खन की खरीद रसीदों के बारे में पूछा और इसे कहां से लाया गया था। वे अनाप-शनाप जवाब देने लगे.

मार्केट लाइसेंसिंग टीम ने घी और मक्खन को संदिग्ध मानते हुए जब्त कर लिया। इसकी जानकारी बाजार पुलिस, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, ठाणे को दी गई. इन वस्तुओं की शुद्धता का परीक्षण करने के लिए घी और मक्खन के नमूने खाद्य एवं औषधि प्रशासन के माध्यम से प्रयोगशाला में भेजे गए।

# उल्हासनगर के पवित्रा होटल को मनपा का नोटिस

- अवैध निर्माण हटा लें नहीं तो मनपा करेगी कठोर कार्रवाई

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा मुख्यालय से महज कुछ दूरी पर स्थित पवित्रा होटल के अनधिकृत निर्माण के खिलाफ मनपा प्रशासन ने आखिरकार सख्त कार्रवाई करने का कदम उठाया है. कल्याण-कर्जत हाईवे पर स्थित इस होटल के मालिक को नोटिस जारी किया गया है, जिसमें उन्हें अनधिकृत निर्माण को हटाने का आदेश दिया गया है अन्यथा महानगर पालिका ने चेतावनी दी है कि वह कठोर कार्रवाई करेगी।

पवित्रा होटल पिछले कुछ महीनों से अनधिकृत निर्माण के कारण सुर्खियों में है। इस संबंध में राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित पवार गुट) के जिला अध्यक्ष भरत गंगोत्री ने कई बार शिकायत की थी. उनके मुताबिक होटल का निर्माण नियमानुसार दर्ज निर्माण से अधिक बढ़ाया गया है। भरत गंगोत्री ने इस संबंध में कई बार मनपा अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कर तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। इसकी शिकायत तत्कालीन मनपा आयुक्त अजीज शेख से करने के बाद भी मनपा ने कोई कार्रवाई नहीं की तो गंगोत्री ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया. भरत गंगोत्री की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट आठ सप्ताह के भीतर मामले को निपटाने का आदेश दिया गया। लेकिन, नगर निगम की




अतिक्रमण विरोधी टीम ने इन आदेशों पर अमल करते हुए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की. इस मामले में होटल मालिक ने मनपा प्रशासन से निर्माण न तोड़ने का अनुरोध किया है. मालिक ने कहा कि मामला राज्य सरकार और अन्य अधिकारियों के विचाराधीन है और नतीजे आने तक किसी भी आगे की कार्रवाई पर रोक लगाई जानी चाहिए। मनपा प्रशासन ने अभी तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया है.

हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी मनपा प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की है, जिससे नागरिकों में इस बात को लेकर काफी चर्चा है. अब सबकी निगाहें प्रशासन की निर्णायक कार्रवाई पर टिकी हैं.

यह देखना अहम होगा कि पवित्रा होटल का मालिक कोर्ट के फैसले का इंतजार करेगा या मनपा के आदेश का पालन करते हुए खुद ही निर्माण हटा लेगा.

पिछले नौ माह से इसी मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने पर आखिरकार गंगोत्री ने मनपा के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की। अवमानना के इस मामले में कोर्ट ने मनपा पर दस हजार का जुर्माना लगाया और यह जुर्माना याचिकाकर्ता को देने का आदेश दिया.

मनपा ने अब वार्ड समिति 2 के सहायक आयुक्त मनीष हिवरे के माध्यम से पवित्रा होटल के मालिक को नोटिस जारी किया है। नोटिस में दो दिन के भीतर अवैध निर्माण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा मनपा खुद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा और इसका पूरा खर्च होटल मालिक से वसूलेगा, ऐसी चेतावनी भी दी गयी है.

## ट्रक की टक्कर से पैदल जा रही महिला की मौत

**भिवंडी.** भिवंडी शहर में दोपहर के दौरान जाम से घिरे स्वर्गीय आनंद दिघे चौक पर ट्रक की टक्कर से सड़क पर पैदल जा रही चाबिंद्रा निवासी 55 वर्षीय यमुबई भगवान मेंगल नामक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई.राहगीरों ने ट्रक चालक को दबोच कर निजामपुर पुलिस के हवाले किया.पुलिस ने हादसे में जान गवां बैठी महिला का शव पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए आईजीएम अस्पताल भेजा जहां से अंत्येष्टि के लिए परिजनों को सौंप दिया गया.उक्त घटना से शहर में लगने वाले भयंकर जाम से लोगों में पुलिस प्रशासन, मनपा,ट्रैफिक विभाग के खिलाफ भारी नाराजगी फैली है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## मिथुन को फाल्के

मिथुन चक्रवर्ती का भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के से सम्मानित होना इस देश में फिल्म कला ही नहीं, बल्कि कला के आम सर्वहारा पारखियों का भी सम्मान है। भारतीय सिनेमा के एक कद्दावर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को प्यार से मिथुन दा या दादा कहकर संबोधित किया जाता है। अक्सर यह कहा जाता है कि मिथुन सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल में अगली पंक्तियों में बैठने वाले दर्शकों के सुपरस्टार हैं, पर यह भी नहीं भूलना चाहिए कि उन्हें एक गंभीर सक्षम अभिनेता के रूप में भी देखा जाता है। साल 1978 में ख्यात निर्देशक मृणाल सेन के निर्देशन में अपनी पहली ही फिल्म मृगया के लिए उन्होंने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय सम्मान हासिल किया था। सिने दुनिया में ऐसे गिने-चुने अभिनेता हुए हैं, जिन्होंने अपनी पहली ही कृति या प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय सम्मान जीता है और आगे चलकर व्यावसायिक रूप से बहुत कामयाब भी हुए हैं। दादा साहेब फाल्के सम्मान पाने वाले वह 54वें कलाकार हैं और उनको मिला यह सम्मान देश के हर वर्ग के लिए चर्चा योग्य समाचार है। वह अमीरों के भी हीरो हैं और गरीबों के भी। उनकी भाव-भंगिमा और जीवन शैली को देश में असंख्य लोगों ने अपनाया है। पहले विचार से नक्सली रहे मिथुन को सर्वश्रेष्ठ नर्तक के रूप में भी जाना जाता है और बंगाल की भूमि की ओर से वह भारतीय सिनेमा को एक ऐसे योगदान की तरह हैं, जिनको हिंदी सिनेमा में भुलाना मुश्किल है। बांग्ला, ओडिया, भोजपुरी सहित अनेक भाषाओं में फिल्में करने वाले मिथुन को बड़ी व्यावसायिक कामयाबी साल 1982 में डिस्को डांसर से मिली थी और उसके बाद उन्हें कभी पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं पड़ी। घर एक मंदिर, प्यार झुकता नहीं, गुलामी उनकी बहुचर्चित फिल्में हैं। नृत्य, गीत में बेहतरीन अभिनय के साथ, मारधाड़ के दृश्यों में स्वाभाविकता, भावपूर्ण दृश्यों में गहराई और चरित्रों में डूब जाने की कला उन्हें सबसे अलग खड़ा कर देती है। वह आम ईमानदार भारतीयों के सशक्त प्रतिनिधि बन जाते हैं। मिसाल के लिए, फिल्म अग्निपथ में उनकी छोटी भूमिका को देखा जा सकता है। मिथुन के बारे में यह कहा जा सकता है कि वह जहां भी खड़े हो जाते हैं, अपने लिए मुकम्मल जगह बना लेते हैं और सबका ध्यान खींच लेते हैं।

# नसरल्लाह की हत्या से पश्चिम एशिया के और बिगड़े हालात

बेरूत में इजरायली हमले में हिज्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत से पश्चिम एशिया के राजनीतिक समीकरणों में कितना अंतर आएगा, यह कह पाना फिलहाल मुश्किल है। मगर आशंका यही है कि ईरान युद्ध में हस्तक्षेप कर सकता है। हिज्बुल्लाह एक शिया गुट है और ईरान उसकी मदद करता रहा है। ऐसे में, अगर ईरान सीधे तौर पर युद्ध में शामिल होता है, तो लड़ाई की आग पूरे क्षेत्र में फैल जाएगी। ईरान के सुप्रीम लीडर ने कहा भी है कि नसरल्लाह की हत्या का बदला लिया जाएगा। इजरायल ने भी इस बार शक की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ी है, जबकि ऐसी घटनाओं पर वह अमूमन चुप्पी साध लेता था।

पिछले साल 7 अक्तूबर को हमास के इजरायल पर हमले के बाद हिज्बुल्लाह इजरायल की उत्तरी सीमा पर गोलाबारी करता रहा। हिज्बुल्लाह के पास मिसाइलों का बड़ा भंडार है, जिनके बारे में माना जाता है कि वे उसे ईरान से मिली हैं। उसकी गोलाबारी से इजरायल की 60 हजार से अधिक आबादी विस्थापित हुई है। हिज्बुल्लाह का कहना है, वह अपनी लड़ाई तब तक जारी रखेगा, जब तक इजरायल हमास के साथ गाजापट्टी में युद्ध-विराम के लिए तैयार नहीं हो जाता। हिज्बुल्लाह के इस रुख को लेबनान सरकार की सहमति नहीं है। लेबनान के विदेश मंत्री ने संयुक्त राष्ट्र की बैठक में कहा भी कि लेबनान अपनी सीमा पर अधिकार के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव 1701 के अनुसार इजरायल से बातचीत करने को तैयार है। यह प्रस्ताव 2006 की




इजरायल और हिज्बुल्लाह की लड़ाई के बाद सुरक्षा परिषद ने पारित किया था, जिसके अनुसार, कोई भी समूह या सशस्त्र बल इजरायल की लेबनान सीमा व लितानी नदी के बीच नहीं रह सकता। इजरायल का कहना है कि हिज्बुल्लाह ने इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बना रखी है, जिसको वह बल-प्रयोग से हटाएगा। यहां यह बात ध्यान रखना चाहिए कि लेबनान के विदेश मंत्री ने कहीं भी गाजापट्टी पर युद्ध विराम का जिक्र नहीं किया, जिससे स्पष्ट है कि लेबनान सरकार और हिज्बुल्लाह के बीच अंतर है।

हिज्बुल्लाह ने यह जानते हुए भी कि अपनी मिसाइलों से वह इजरायल के एक बड़े हिस्से को प्रभावित कर सकता है, अपनी लड़ाई सीमावर्ती इलाकों तक सीमित रखी है। हमास नेता ईस्माइल हानिये की मौत के बाद यह अनुमान लगाया जा रहा था कि हिज्बुल्लाह लड़ाई बढ़ाएगा, मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। मगर इजरायली कैबिनेट की घोषणा के अनुसार हिज्बुल्लाह के खिलाफ सैन्य कार्रवाई बढ़ा दी गई है। इजरायल का मानना है, उसे सीमावर्ती इलाकों से हटाए बिना इजरायल की विस्थापित जनसंख्या अपने इलाके में नहीं लौट सकती।

इजरायली मीडिया के अनुसार, प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लोकप्रियता बेरूत हमले के बाद बढ़ गई है। इसका असर गाजा की लड़ाई पर भी होगा। हमास को अब ज्यादा सावधान होना पड़ेगा, क्योंकि उसे शायद अब पूर्व की तरह हिज्बुल्लाह की मदद न मिल सके। क्या इससे अब हमास इजरायल से समझौता करने को तैयार हो जाएगा? इससे भी बड़ा सवाल यह है कि क्या ईरान इस युद्ध में हिज्बुल्लाह की तरफ से इजरायल के खिलाफ सैन्य मोर्चा खोलेगा? हालांकि, ईरानी राष्ट्रपति ने संयुक्त राष्ट्र में अपने बयान में अमेरिका से परमाणु समझौता होने के संकेत दिए हैं। उसकी स्थिति बड़ी संतुलित है, लेकिन उस पर दबाव काफी ज्यादा है। हानिये की मृत्यु के बाद भी उसने इजरायल के खिलाफ सैन्य कार्रवाई नहीं की थी।

यहां अमेरिका की अंदरूनी राजनीति पर भी गौर करना चाहिए। वहां अगले महीने राष्ट्रपति का चुनाव होना है। अगर पश्चिम एशिया में कोई बड़ा युद्ध छिड़ा, तो उसे इजरायल की मदद के लिए हस्तक्षेप करना होगा। राष्ट्रपति बाइडन ने इजरायल को युद्ध न भड़काने की कई बार चेतावनी दी है, पर उसने उन्हें नजरंदाज ही किया है। नेतन्याहू जानते हैं कि चुनाव के समय कोई भी अमेरिकी प्रशासन इजरायल को मना करने की स्थिति में नहीं होगा। इस बीच कुछ अरसे से गिर रहे तेल के दाम फिरबढ़ने लगे हैं।

आइए हम अपने दिलों में शांति का दीया जलायें और उसका प्रकाश दूसरों तक भी फैलायें।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# पराली से बढ़ी वायु प्रदूषण की चिंता

खेतों में धान की बालियों की कटाई के बाद खडे-बचे सूखे पौधों अर्थात पराली को जलाने का घातक क्रम फिर शुरू हो गया है। उत्तर भारत के एक बड़े इलाके में इस मौसम में वायु प्रदूषण का घना प्रकोप रहता है और एक समय ऐसा आ जाता है, जब घर से बाहर निकलने में भी परेशानी होने लगती है। अभी अक्तूबर का महीना शुरू भी नहीं हुआ है, पर खेतों को जल्दी से जल्दी गेहूं की फसल के लिए तैयार करने की होड़ में पंजाब-हरियाणा के किसान फिर खेतों में आग लगाने पर आमादा हैं। ऐसे में, प्रशंसनीय है कि सर्वोच्च न्यायालय ने समय रहते संज्ञान लिया है और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के कामकाज को लेकर नाराजगी जताई है। न्यायालय ने कहा कि पराली जलाने से निपटने के लिए आयोग को एक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। आयोग अपने आदेशों को जमीन पर उतारने में बहुत हद तक नाकाम रहा है। ऐसे में, न्यायालय की नाराजगी सराहनीय व स्वागत के योग्य है। संज्ञान में यह बात भी आई है कि पिछले साल की तुलना में इस बार ज्यादा मात्रा में पराली दहन हो रहा है।

न्यायाधीश अभय एस ओका की अध्यक्षता वाली पीठ ने साफ कहा है कि आयोग ने कुछ कदम उठाए है, पर और ज्यादा सक्रिय होने की जरूरत है। आप मूकदर्शक के रूप में काम कर रहे हैं।



आयोग को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके प्रयास और निर्देश वास्तव में प्रदूषण को घटा सकें। आयोग की जितनी बैठकें होनी चाहिए, उतनी नहीं हो रही हैं। आयोग ने प्रदूषण की रोकथाम के लिए 82 निर्देश जारी किए हैं, पर यह सुनिश्चित नहीं किया कि सभी निर्देशों की पालना हो। आयोग को अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा चलाने, प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों को बंद करने और उसके आदेशों का पालन न करने पर मुआवजा चुकाने का निर्देश देने का अधिकार है। अगर विभिन्न राज्यों में प्रदूषण की रोकथाम से संबंधित अधिकारियों ने आदेशों-निर्देशों को नहीं माना है, तो उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करने की तकलीफ आयोग ने नहीं उठाई है। ऐसे में, सर्वोच्च न्यायालय ने दो टूक पूछा है कि अगर आयोग अपने निर्देशों की पालना नहीं करा पा रहा है, तो उसके निर्देशों का क्या महत्व है? अच्छे नेता, अच्छी संस्था, अच्छे निर्देश-आदेश का लाभ अगर प्रदेश-देश को न मिले, तो यह अफसोस और दुख की बात है। पराली दहन पर अनेक सरकारों का रुख लोग देख चुके हैं और इस मोर्चे पर शासन-प्रशासन की नाकामी किसी से छिपी नहीं है। पराली जलाने से रोकने की दिशा में राज्य सरकारों के प्रयास कतई पर्याप्त नहीं हैं।

पराली जलाने का दुखद दौर सितंबर से लेकर जनवरी तक चलता है। किसान तमाम अपील और चिंताओं को नकारकर पैसे बचाने के प्रति ज्यादा आग्रही होते हैं, जबकि स्वयं उन्हें भी अपने स्वास्थ्य की चिंता होनी चाहिए। ऐसे किसानों को समय रहते सर्वोच्च न्यायालय की चिंता पर भी ध्यान देना चाहिए। पिछले साल भी न्यायालय ने पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि फसल अवशेष जलाने के क्रम को तत्काल रोका जाए, हम लोगों को मरने नहीं दे सकते। राज्यों को भी एक-दूसरे पर दोष मढ़कर पीछा छुड़ाने की राजनीति से बाज आना चाहिए। इस बार लोगों को वायु प्रदूषण से राहत की बहुत उम्मीद है, पर अभी से जो लक्षण दिखने लगे हैं, वे चिंता बढ़ा रहे हैं।

# दुनिया का सबसे गरीब परिवार, 2 रुपये सालाना आय!

बुंदेलखंड के सागर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है. यहां एक परिवार की आमदनी मात्र 2 रुपये सालाना है. तहसीलदार के हस्ताक्षर से जारी हुआ यह आय प्रमाण पत्र अब वायरल हो चुका है और लोगों के बीच चर्चा का विषय है. लेटर सामने आने के बाद लोगों के मन में कई सवाल दौड़ रहे हैं कि आखिर यह परिवार दो रुपये में कैसे जीता है, खर्च कैसे चलाता है, कहां रहता है, कहां जाता है, क्या करता है?

सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा ये आय प्रमाण पत्र लोगों को हैरान कर रहा है. वायरल फोटो के साथ कैप्शन

**जरा हट के**

दिया गया है कि... ये सज्जन दुनिया के सबसे गरीब आदमी हैं, क्योंकि उनकी आय मात्र दो रुपये है. ये आय प्रमाण पत्र बंडा तहसील के घोघरा गांव के बलराम चढ़ार का है. जनवरी 2024 में यह आय प्रमाण पत्र बनवाया गया था. लेकिन, आज अचानक सोशल मीडिया पर



वायरल हो गया. पता चला है कि घोघरा गांव में तिज्जू चढ़ार का परिवार रहता है. तिज्जू के परिवार में दो बेटे एक बिटिया सहित पांच लोग हैं. आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने की वजह से पूरा परिवार मजदूरी करता है. बलराम उनका सबसे छोटा बेटा है, जो कक्षा 12 में पढ़ता है. स्कॉलरशिप लेने के लिए बलराम ने यह आय प्रमाण पत्र बनवाया था, लेकिन जब स्कॉलरशिप नहीं आई तो उसने शिक्षकों से बात की. इसके बाद जब शिक्षकों ने देखा तो पता चला कि आय प्रमाण पत्र में आए गलत लिखी गई है.

बलराम ने बताया कि उसने सीएससी सेंटर से यह आय प्रमाण पत्र बनवाया था, जहां उसने 40,000 आय बताई थी. लेकिन, वहीं पर 2 रुपये लिख दिया गया. हैरान करने वाली बात ये कि न तो कर्मचारियों ने ध्यान दिया और न ही प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर कर उसे जारी करने वाले तहसीलदार ने ध्यान दिया.

आय प्रमाण पत्र जारी करने वाले तहसीलदार का ट्रांसफर दूसरे ब्लॉक में हो चुका है. जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा... जो ₹2 वाला आय प्रमाण पत्र है, वह निरस्त हो चुका है. 40,000 की आय वाला प्रमाण पत्र परिवार के पास है. वह नया प्रमाण पत्र लेकर कल मुझे मिलने के लिए भी आ रहे हैं.

# टाइप-1 डायबिटीज का मिल गया 'रामबाण इलाज'

डायबिटीज को दुनियाभर में तेजी से बढ़ती गंभीर और क्रोनिक बीमारियों में से एक माना जाता है, हर साल इस रोग का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। डायबिटीज मुख्यरूप से दो प्रकार की होती है- टाइप-1 और टाइप-2। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, एक बार डायबिटीज का निदान हो जाने के बाद जीवनभर इसको नियंत्रित रखने के लिए प्रयास करते रहना होता है। टाइप-2 डायबिटीज की समस्या को दवाओं के साथ लाइफस्टाइल-आहार में सुधार करके कंट्रोल किया जा सकता है, जबकि टाइप-1 डायबिटीज की स्थिति में रोगियों को जीवनभर इंसुलिन लेते रहने की आवश्यकता होती है।

इस दिशा में अब स्वास्थ्य विशेषज्ञों को बड़ी कामयाबी मिली



है। चीनी वैज्ञानिकों का कहना है कि स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन से टाइप-1 डायबिटीज की बीमारी को ठीक किया जा सकता है। हाल ही में एक 25 वर्षीय महिला में डायबिटीज की समस्या ठीक की गई है। वह करीब एक दशक से अधिक समय से इस बीमारी से पीड़ित थी। वैज्ञानिकों ने बताया कि स्टेम सेल ट्रांसप्लांट के माध्यम से लगभग ढाई महीने में ही महिला को इस बीमारी में विशेष लाभ मिल गया है। अब वह बिना इंसुलिन के स्वाभाविक रूप से शुगर के स्तर को कंट्रोल कर सकती है।

### स्टेम सेल ट्रांसप्लांट को माना जा रहा है वरदान

चीन के एक स्थानीय अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक एक दशक से भी अधिक समय से टाइप-1 डायबिटीज की शिकार महिला को इनवेसिव सर्जरी के माध्यम से ट्रांसप्लांट के बाद डायबिटीज में काफी आराम मिला है। स्टेम सेल ट्रांसप्लांट सर्जरी में केवल आधे घंटे का समय लगा। अब महिला बेहतर तरीके से डायबिटीज को कंट्रोल कर पा रही है।

### देखे गए अच्छे परिणाम

रिपोर्ट में कहा गया है कि अब स्टेम सेल थेरेपी ने मधुमेह के उपचार के लिए नई संभावनाओं को खोल दिया है। इसमें रासायनिक रूप से प्रेरित प्लुरिपोटेंट स्टेम-सेल-ड्राइब्ड आइलेट्स या सीआईपीएससी (CiPSC आइलेट्स) का उपयोग किया जाता है। इसके लिए शोधकर्ताओं ने पहले रोगी से ही कोशिकाएं लेकर रसायनिक रूप से इसमें कुछ बदलाव किए। इस प्रकिया में कोशिकाओं को इसलेट कोशिकाओं में बदल कर रोगी के शरीर में वापस प्रत्यारोपित किया गया।

पिछले साल जून में, चीनी शोधकर्ताओं की टीम को क्लीनिकल रिसर्च के लिए स्वीकृति मिली थी। इसके बाद उन्होंने अपने पहले रोगी में इसका प्रत्यारोपण किया है। CiPSC आइलेट ट्रांसप्लांट के बाद, मरीज का फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज का स्तर धीरे-धीरे सामान्य हो गया और इंसुलिन इंजेक्शन की जरूरत में लगातार कमी आई। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रांसप्लांट के 75 दिन बाद उसकी इंसुलिन इंजेक्शन पूरी तरह छूट गई।

# लौकी का हलवा

खाना-खजाना

पितृ पक्ष के समाप्त होते ही अगले दिन शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो जाती है। इस साल शारदीय नवरात्रि का ये उत्सव 3 अक्टूबर 2024 से प्रारंभ होकर 11 अक्टूबर को नवमी के दिन तक मनाया जाएगा। 3 अक्टूबर को नवरात्रि के पहले दिन घरों में कलश स्थापना के साथ 9 दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधिवत पूजा होगी। इस दौरान मां भवानी को नौ दिनों तक अलग-अलग चीजों का भोग प्रसाद में बनाकर चढ़ाया जाएगा। अगर आप भी मां को प्रसन्न करने के लिए भोग में बाजार की मिठाई की जगह घर पर ही कोई मिठाई बनाकर तैयार करना चाहती हैं तो ट्राई करें लौकी के हलवे की ये रेसिपी।

### सामग्री :

- 2 कप कद्दूकस की हुई लौकी
- 1 कप चीनी (स्वादानुसार)
- 1/2 कप कद्दूकस किया हुआ नारियल



- 1/4 कप घी
- 1 कप दूध
- 1/2 चम्मच इलायची पाउडर
- गार्निश करने के लिए कटे हुए मेवे

### बनाने का तरीका-

लौकी का हलवा बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में घी गर्म करके उसमें कद्दूकस की हुई लौकी डालकर अच्छी तरह भून लें। लौकी को इतना भूनें कि उसका सारा कच्चापन निकल जाए। जब लौकी पककर नरम हो जाए तो उसमें कद्दूकस किया हुआ नारियल और चीनी डालकर मिश्रण को बीच-बीच में चलाते हुए पकाएं। अब इसमें दूध और इलायची पाउडर डालकर मिक्स कर दे। जब आपको लगे कि लौकी ने सारा दूध सोख लिया है तो आंच बंद करके हलवे में कटे हुए मेवे डालकर गार्निश करें। नवरात्रि में मां दुर्गा को चढ़ाने के लिए लौकी के हलवे का प्रसाद तैयार है।

# क्या नींद की कमी से भी हेयर फॉल हो सकता है?

बाल हर किसी की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। यही वजह है कि हर किसी का सपना होता है कि उनके बाल खूब लंबे, घने और हेल्दी हों। हालांकि, आज के समय में अधिकतर लोग हेयर फॉल की समस्या से परेशान रहने लगे हैं। इतना ही नहीं, लोगों कि शिकायत होती है कि बालों की अच्छी देखभाल करने या हेल्दी डाइट के बाद भी उनके बाल बहुत अधिक झड़ते हैं। अगर आप भी इन्हीं लोगों में से एक हैं या आपके बाल भी अचानक बहुत अधिक झड़ने लगे हैं, तो बता दें कि इसका एक कारण आपकी अधूरी नींद भी हो सकती है। आइए समझते हैं इस बारे में विस्तार से-



### क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स?

दरअसल, फेमस डर्मेटोलॉजिस्ट जुशिया भाटिया सरीन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में डर्मेटोलॉजिस्ट बताती हैं, 'अधूरी नींद आपके बालों की ग्रोथ पर सीधा असर डालती है। इतना ही नहीं, लंबे समय तक पूरी नींद न लेने से हेयर फॉल की परेशानी बहुत अधिक बढ़ जाती है।'

### बालों के लिए क्यों जरूरी है नींद?

इस सवाल का जवाब देते हुए डॉ. सरीन बताती हैं, 'हमारी स्लीप साइकिल को कंट्रोल करने में मेलाटोनिन नाम का एक हार्मोन अहम भूमिका निभाता है। वहीं, ये हार्मोन ही हेयर ग्रोथ में भी मदद करता है। ऐसे मे बॉडी के लिए जरूरी नींद नहीं लेने पर ये हार्मोन अपना संतुलन खो देता है, जिससे फिर आपकी हेयर ग्रोथ पर भी असर पड़ने लगता है, इसके अलावा हेयर फॉल की परेशानी बढ़ जाती है।'

इससे अलग नींद की कमी के चलते तनाव की स्थिति बढ़ जाती है, जिससे भी फिर हेयर फॉल की परेशानी बढ़ने लगती है। ऐसे में अच्छी सेहत के साथ-साथ बालों की बेहतर ग्रोथ और हेयर फॉल की परेशानी को रोकने के लिए डॉ. हेल्दी डाइट के अलावा रोज कम से कम 8 घंटे की नींद को बेहद जरूरी बताती हैं।

# इन सब्जियों को कच्चा नहीं खाएं

सब्जियां सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होती हैं। डॉक्टर, न्यूट्रीशियन और डायटीशियन भी डायट में ज्यादा से ज्यादा रंगीन सब्जियों को खाने की सलाह देते हैं। लेकिन इन सब्जियों को आप किस तरह से खाते हैं ये जानना सबसे ज्यादा जरूरी है। आज यानी 1 अक्टूबर को वर्ल्ड वेजिटेरिन डे सेलिब्रेट किया जा रहा है। ये दिन शाकाहार के स्वास्थ्य और पर्यावरणीय फायदों पर वैश्विक ध्यान आकर्षित करने और वेजिटेरियन लाइफस्टाइल की नीति पर फोकस करने के लिए मनाया जाता है। इस खास मौके पर जानते हैं कि आप को किन सब्जियों को कच्चा खाने से बचना चाहिए।

### 1) पत्ता गोभी

ज्यादातर लोग पत्तागोभी को सलाद, बर्गर और सैंडविच में कच्चा लगाते हैं। लेकिन ये उन सब्जियों में से एक है जिन्हें कच्चा नहीं खाना चाहिए। कच्ची पत्तागोभी में ई.कोली या साल्मोनेला जैसे हानिकारक बैक्टीरिया हो सकते हैं। वैसे तो इस सब्जी को लेकर लोगों में जगरुकता काफी बढ़ गई है, लेकिन बहुत लोग इसे अभी भी कच्चा ही खाते हैं।

### 2) अरबी के पत्ते

इन दिनों मार्केट में अरबी के पत्ते खूब मिल रहे हैं। इन पत्तों का इस्तेमाल करके कई तरह की पारंपरिक डिशेज तैयार की जा सकती हैं। रिपोर्ट्स कहती हैं कि इन पत्तों



में ऑक्सालेट हो सकता है, जो पौधों में पाया जाने वाला एक कार्बनिक एसिड है। अगर इन पत्तों को कच्चा खाया जाता है तो ये किडनी की पथरी का कारण बन सकता है। हालांकि, जब आप इन पत्तियों को ठीक से पकाते हैं तो ऑक्सालेट का लेवल काफी कम हो जाता है, ऐसे में इन्हें खाना सेफ माना जाता है।

### 3) पालक

शरीर में आयरन की कमी पूरी करने वाले पालक में भी कभी-कभी ई. कोली बैक्टीरिया हो सकता है जो पेट में दर्द और अन्य पाचन समस्याओं का कारण बनता है। कुछ लोग इसे सलाद में खाना पसंद करते हैं, जिससे शरीर को नुकसान पहुंच सकता है।

### 4) ब्रोकोली

ब्रोकोली को हल्का भाप में पकाने या भूनने से इसके पोषण की मात्रा बरकरार रहती है। यह गैस और सूजन जैसी पाचन संबंधी समस्याओं के खतरे को भी कम करता है। हालांकि,एक्सपर्ट की सलाह के बाद आप इसे कच्चा भी खा जा सकते है।

### 5) शिमला मिर्च

कच्ची शिमला मिर्च भी सलाद में काफी अच्छी लगती है। हालांकि इसके बीजों में कभी-कभी केमिकल अवशेष या टेपवर्म अंडे हो सकते हैं। ऐसे में इसे पकाने पर इन अवशेषों को कम करने में मदद मिलती है, जिससे इसे खाना सुरक्षित हो जाता है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : आज आपकी आवश्यकताएं बढ़ेंगी। आर्थिक तंगी हो सकती है। कर्ज से बचें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु परेशान करेंगे। हानि नहीं पहुंचा पाएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से बचें। चोट व रोग से बचें। विवाद न करें।

**वृषभ** : आज व्यवसाय ठीक चलेगा, कुछ धनलाभ होगा। विवाद न करें। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। बकाया वसूली होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। यात्रा के योग टलेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। ज्ञानीजनों से मुलाकात होगी। शांति बनाना आवश्यक है। भय व्याप्त होगा।

**मिथुन** : प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी। यात्रा के योग बनेंगे। लाभ होगा। राज्य से परेशानी हो सकती है। स्त्री को कष्ट। जायदाद वृद्धि के योग बनेंगे। विरोधी सक्रिय होंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कर्क** : व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बढ़ेगी। हानि-लाभ का वातावरण बनेगा। पराक्रम बढ़ेगा। विजय मिलेगी, गर्व न करें। ईमानदारी से कार्य करते रहें। समय पक्ष का है। स्त्री सुख, यात्रा में हानि, दुख। विरोधी कष्ट देंगे। सहयोग प्राप्त होगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**सिंह** : धनागम के अवसर बनेंगे। 'आ बैल मुझे मार' की स्थिति निर्मित न होने दें। अकारण भय बना रहेगा। व्यापारी सोच-समझकर निर्णय लें। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी न करें। खर्च बढ़ेंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**कन्या** : प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। हानि, भय, कष्ट का वातावरण बनेगा। कार्यक्षेत्र में लाभ के आसार दिखेंगे। दुखद समाचार मिलने की संभावना है। अस्वस्थता होगी। कुसंग से हानि, लेकिन कुछ लाभ के अवसर भी दिखेंगे।

**तुला** : आज प्रसन्नता बनी रहेगी। कुछ नए कार्य की संभावना सिद्ध होगी। संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। थकान महसूस होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। कष्टों में निवृत्ति नहीं होगी। कलह से बचना होगा। अधिकार के लिए प्रयत्न करना होगा। अचानक कष्ट वृद्धि होने के योग हैं।

**वृश्चिक** : व्यवसाय मनोनुकूल लाभ होगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। रोग घेरेंगे। चिंताएं बढ़ेंगी। शत्रु शांत होंगे। अपमान, कष्ट, कलह से बचना होगा। राज्य से लाभ के अवसर बढ़ेंगे। लाभ होगा। शत्रु परेशान करेंगे।

**धनु** : धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अकारण भय व्याप्त होगा। शत्रु शांत होंगे। दौड़-धूप अधिक होगी। बुरी सूचना मिल सकती है। विवाद न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। वाहन देखकर चलाएं। परिस्थितियां अनुकूल होंगी। कुछ विरोध होगा।

**मकर** : आज अचानक धनागम के अवसर बढ़ेंगे। घर-बाहर पूछ-परख बनी रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। मातृ पक्ष की सेहत को लेकर परेशानी होगी। परिवार में दुर्घटना की संभावना। धन मिलने की परिस्थिति निर्मित होगी। अंतरप्रेरणा से कार्य करें। मेहनत का फल मिलेगा।

**कुंभ** : कार्यसिद्धि होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। शत्रु शांत होंगे। कष्ट-भय की संभावना, अस्वस्थता, आलस्य का अनुभव करेंगे। धनागम होगा। शरीर शिथिल होगा। शत्रु शांत रहेंगे।

**मीन** : शुभ समाचार की आशा बंधेगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। शत्रु षड्यंत्र रचेंगे। सावधान रहने की आवश्यकता है। पराक्रम दिखलाने का अवसर है। लाभ होगा। रिश्वत न लें। नम्रता बनाए रखें। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### मां ने अपनी ही बेटी की चाकू घोंपकर की हत्या

**झांसी.** झांसी एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला ने अपनी दो साल की बेटी की चाकू से प्रहार कर हत्या कर दी। फिर खुद को भी घायल कर लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और महिला को जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। साथ ही मामले की पड़ताल में जुट गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुधा सिंह ने बताया कि बबीना थाना क्षेत्र के न्यू पंप हाउस इलाके में दोपहर करीब 11 बजे स्थानीय लोगों ने एक महिला को हाथ में खून से सना चाकू लेकर घर से बाहर निकलते देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि महिला ने अपनी ही ढाई साल की बच्ची की चाकू मारकर हत्या कर दी है। घटना के बाद महिला भी घायल पाई गई जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पुजारी के परिवार पर चलाई गोलियां, बेटे की मौके पर ही मौत; चोरी को लेकर हुआ था विवाद

**मिर्जापुर.** मिर्जापुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां मंगलवार को सुबह मंदिर के दानपात्र से कुछ दिनों पहले हुई चोरी के मामले में पुजारी और एक युवक के बीच विवाद हो गया। मामला इतना गंभीर हो गया कि युवक ने पुजारी के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, पुजारी का दूसरा बेटा और भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को मंडलीय अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। वहीं, गोली मारने के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। ये घटना देहात कोतवाली क्षेत्र के दुबेपचेर गांव का है। यहां स्थित शिव मंदिर की कृपाशंकर और उनका परिवार के सदस्य पूजा करते थे। इस मंदिर मिले दान से मिलने वाले चढ़ावा का उपयोग कृपाशंकर मंदिर की व्यवस्था के लिए उपयोग करते थे। कुछ दिन पहले मंदिर के दानपात्र से रुपये चोरी हो गए थे। इसी को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर मंगलवार को दोनों के बीच एक बार फिर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि विपक्षी ने पुजारी के 30 साल के बड़े बेटे श्रवण कुमार, 28 साल के छोटे बेटे पवन पांडेय और 21 साल के भतीजे शिव कुमार को गोली मार दी। इससे बड़े बेटे श्रवण की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पवन और शिव गंभीर रूप से घायल हो गए।

### शिकायत का अनोखा तरीका, एसडीएम से न्याय मांगने कटोरा लेकर पहुंचा ग्रामीण, लेखपाल सस्पेंड

**पीलीभीत.** पीलीभीत में एक ग्रामीण ने अफसरों से न्याय मांगने का अनोख तरीका अपनाया। ग्रामीण कटोरा लेकर एसडीएम के सामने पहुंचा और लेखपाल द्वारा गलत आय प्रमाण पत्र जारी करने की शिकायत की। ग्रामीण ने एसडीएम नागेंद्र पांडेय से न्याय मांगा। नौ महीने बीतने के बाद भी कार्रवाई न होने की बात सुनते ही एसडीएम नागेंद्र पांडे ने लेखपाल को निलंबित कर दिया है। मामले की जांच तहसीलदार को दे दी है। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नागीपुर अखौला निवासी बादाम सिंह पुत्र पातीराम का तत्कालीन हल्का लेखपाल ललित मोहन द्वारा तीन बीघा जमीन होने के बावजूद भी 51 हजार वार्षिक आमदनी का आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया था। इससे उसकी पुत्री की शादी में सरकार द्वारा चलाये जा रहे शादी अनुदान से लाभ नहीं मिल पाया। ग्रामीण का आरोप है कि गांव के ही व्यक्ति की तीन एकड़ जमीन है। उसका आय प्रमाण पत्र 46 हजार रुपये वार्षिक आय का बना दिया गया।

# महाराष्ट्र में हिंसक हुई आरक्षण की लड़ाई

- मराठा और OBC कार्यकर्ताओं में हाथापाई; गाली-गलौज

**पुणे.** महाराष्ट्र में आरक्षण की लड़ाई में एक बार फिर मराठा कार्यकर्ता और ओबीसी कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए हैं। इस बार मामला हिंसक हो चुका है और नौबत हाथापाई और गाली-गलौज तक पहुंच गई है। पुणे में मराठा समुदाय के सदस्यों ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके के साथ कथित तौर पर हाथापाई और गाली-गलौज की है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार रात को कोंढवा के निकट हुई इस घटना को लेकर 25 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है।

सोशल मीडिया पर सामने आये एक वीडियो में मराठा समुदाय के लोग हाके के खिलाफ प्रदर्शन करते नजर आ रहे हैं। मराठा समुदाय के लोगों ने दावा किया कि हाके नशे में थे और उनमें से कुछ लोगों के साथ गाली-गलौज की। कोंढवा पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हमने ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके के साथ दुर्व्यवहार और हाथापाई करने के लिए भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत 25 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है।''

अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनकारी हाके को पुलिस थाने में लाये और उनके नशे में होने का आरोप लगाते हुए मांग की कि उनकी चिकित्सा जांच कराई जाये। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता को कल देर रात भारी सुरक्षा के बीच ससून



जनरल अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा, ''हाके जांच कराने के लिए तैयार थे क्योंकि वे अपने खिलाफ लगे आरोपों से मुक्त होना चाहते थे। जांच के नतीजे दो दिन में आ जाएंगे और उसके आधार पर हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे।''

इस बीच, हाके ने दावा किया कि उनकी हत्या की साजिश रची गई थी और कहा कि पुलिस उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच कर रही है। पिछले सप्ताह हाके और उनके साथी ओबीसी कार्यकर्ता नवनाथ वाघमारे ने मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल वापस लेने के बाद अन्य पिछड़ा वर्ग के वास्ते आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए जालना में शुरू किया गया अपना अनशन स्थगित कर दिया था। जरांगे मराठा समुदाय के लिए ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, जब मराठा कार्यकर्ता और ओबीसी कार्यकर्ता आमने-सामने आए हैं। इसी साल जून महीने में भी मराठा आंदोलनकारी मनोज जरांगे और ओबीसी कार्यकर्ता लक्ष्मण हाके आमने-सामने आ गए थे। हाके ने तब कहा था कि 'कुनबी' और 'मराठा' समुदाय पूरी तरह से अलग-अलग हैं। हाके ने मराठों को कुनबी ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण नहीं देने की वकालत और मांग की थी, जबकि मराठा कुनबी समुदाय के तहत ओबीसी आरक्षण की मांग कर रहे हैं।

इधर मनोज जरांगे पाटिल ने आरक्षण की मांग पर फिर से अनशन शुरू किया था जो अब खत्म हो गया है। मराठा समुदाय के सदस्यों की अपील का हवाला देते हुए जरांगे ने 25 सितंबर को अपना अनशन खत्म कर दिया था। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत मराठा समुदाय को आरक्षण देने की मांग को लेकर जरांगे 17 सितंबर को भूख हड़ताल पर बैठे थे, जो एक साल में उनकी छठी हड़ताल थी। जरांगे ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महायुति सरकार को फिर से धमकी दी कि अगर वह ओबीसी समुदाय के नेताओं के दबाव में आकर मराठा कोटा के लिए अपने आश्वासन से पीछे हटती है, तो यह आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए महंगा साबित होगा। जरांगे ने गरीबों और जरूरतमंदों सहित लोगों से महाराष्ट्र में बीड जिले के नारायणगढ़ में आयोजित होने वाली दशहरा रैली में एकता दिखाने की अपील की है।

# हरियाणा में पूर्व मंत्री ने भाजपा छोड़ी

**रेवाड़ी.** हरियाणा के रेवाड़ी जिले में भाजपा को झटका लगा है। यहां कोसली विधानसभा से टिकट कटने से नाराज पूर्व मंत्री बिक्रम यादव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। बिक्रम ठेकेदार ने पत्र के जरिए भाजपा अध्यक्ष को अपना इस्तीफा भेजा।

बिक्रम ठेकेदार कोसली हलके से भाजपा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। वह टिकट कटने से नाराज चल रहे थे और पार्टी उम्मीदवार प्रचार में भी नहीं जा रहे थे। उन्होंने टिकट कटने के बाद अपने समर्थकों की जनसभा बुलाकर पार्टी के नेताओं पर हमला बोला था और चुनाव लड़ने के संकेत दिए थे। हालांकि, उन्होंने नॉमिनेशन नहीं किया।

**पार्टी अपने सिद्धांत से भटकी**

भाजपा अध्यक्ष को भेजे पत्र में बिक्रम यादव ने लिखा, 'वह पार्टी से राष्ट्रवादी विचारधारा और आदर्श राजनीति के लिए जुड़े थे, लेकिन पार्टी अपने देश प्रथम, दल द्वितीय और व्यक्ति तृतीय के साथ ही कार्यशैली से भटक चुकी है। पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्पण और अनुशासन को कमजोर समझने लगी है। इस करण में पार्टी से इस्तीफा दे रहा हूं।'

# बुलडोजर एक्शन पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

- कहा- तोड़फोड़ की तो पीड़ित की प्रॉपर्टी का री-कंस्ट्रक्शन होगा, मुआवजा दिया जाएगा

**नई दिल्ली.** बुलडोजर एक्शन के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस विश्वनाथन की बेंच ने कहा कि फैसला आने तक देशभर में बुलडोजर एक्शन पर रोक जारी रहेगी। अभी सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की तारीख तय नहीं की है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि बुलडोजर एक्शन पर रोक में अवैध अतिक्रमण शामिल नहीं होगा। सड़क हो, रेल लाइन हो, मंदिर हो या फिर दरगाह, अवैध



अतिक्रमण हटाया ही जाएगा। हमारे लिए जनता की सुरक्षा ही प्राथमिकता है।

मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा- बुलडोजर एक्शन के दौरान आरोप लग रहे हैं कि समुदाय विशेष को निशाना बनाया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- भारत धर्मनिरपेक्ष देश है। हम जो भी गाइडलाइन बनाएंगे, वो सभी के लिए होगी।

### कंटेंप्ट ऑफ कोर्ट पर की टिप्पणी

लॉ वेबसाइट लाइव लॉ के सोशल मीडिया पर कंटेंम्प्ट ऑफ कोर्ट पर दी गई दलीलों और निर्देशों का ब्योरा दिया गया। एक याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े ने बेंच से पूछा- अगर किसी का घर गिराया गया तो वो क्या करेगा। क्या वो बुलडोजर चलाने वाले के पीछे भागेगा? इस पर जस्टिस गवई ने कहा कि अगर आदेश नहीं माना गया तो एक्शन को सुधारा जाएगा। प्रॉपर्टी का नवीनीकरण होगा और पीड़ित को मुआवजा दिया जाएगा। कोर्ट की इस टिप्पणी के बाद सीनियर एडवोकेट प्रशांत भूषण ने सुझाव दिया कि नवीनीकरण और मुआवजे की रकम तोड़फोड़ करने वालों से ली जाए। इसके बाद जस्टिस गवई ने जस्टिस विश्वनाथन की ओर इशारा करते हुए कहा- मेरे भाई यह पहले ही कह चुके हैं।

# मां की हत्या के दोषी की सजा-ए-मौत बरकरार

- हत्या के बाद बॉडी पार्ट खाए थे
- बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा- ये नरभक्षी, उम्रकैद दी तो यही करेगा

बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2017 में अपनी मां की हत्या करने और उसके अंग खाने के दोषी सुनील कुचकोरवी की मौत की सजा को बरकरार रखा। कोर्ट ने इसे नरभक्षण का मामला बताते हुए कहा कि दोषी में सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और पृथ्वीराज चव्हाण की बेंच ने कहा कि यह केस ॾरेयरेस्ट ऑफ द रेयरॾ कैटेगरी में आता है। अगर उसे उम्रकैद दी जाती है, तो वह जेल में भी ऐसा अपराध कर सकता है।

पुणे की यरवदा जेल में बंद सुनील वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई में शामिल हुआ। आरोपी ने अपनी मां की हत्या कर उसके मस्तिष्क, लीवर, और अन्य अंगों को पकाकर खाया था।



### गुब्बारे और कंघी बेचकर गुजारा करती थी मां

सुनील की मां यल्लावा गांव-गांव जाकर गुब्बारे और कंघी बेचकर गुजारा करती थी। उसके दो बच्चे राजू और सुनील है। छोटा बेटा सुनील शराब का आदी था। घटना वाले दिन उसकी मां करीब 10 बजे घर आई तो सुनील ने उससे पैसे की मांग की। यल्लावा के इनकार के बाद दोनों के बीच बहस हो गई। इसके बाद सुनील घर से चला गया और करीब एक बजे शराब के नशे में घर आया। उसने अपनी मां से बहस की और उस पर तेज चाकू से हमला कर दिया। उसके शरीर को टुकड़ों में काट दिया।

घटना का पता चलते ही आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। जब पुलिस आई तो आरोपी मां के दिल को पकाने वाला था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और चाकू भी बरामद किया। मामले में 12 लोगों ने गवाही दी। तब जाकर कोर्ट ने उसे दोषी करार दिया।

28 अगस्त 2017 में सुनील ने अपनी 63 साल की मां यल्लम्मा की हत्या कर दी थी, क्योंकि उसने उसे शराब खरीदने के लिए पैसे देने से मना कर दिया था। इसके बाद उसने मां के अंगों को पका कर खा लिया था। 2021 में कोल्हापुर की अदालत ने उसे मौत की सजा सुनाई थी, जिसे अब बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी सही ठहराया है।

### कनाडा में भारतीय मूल के पत्रकार पर हमला


कैलगरी में दो अज्ञात हमलावरों द्वारा एक इंडो-कैनेडियन पत्रकार पर अटैक किया गया है। रेड FM कैलगरी के न्यूज डायरेक्टर ऋषि नागर पर हमला किया गया। उन्होंने आरोप लगाया है कि हमलावर 'प्रो-खालिस्तान' समर्थक थे जो उनके चैनल पर एक रिपोर्ट से नाराज थे। यह हमला रविवार को अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी शहर में हुआ। नागर ने कहा, प्रो-खालिस्तानी लोगों ने मुझ पर हमला किया। यह हमला एक रिपोर्ट के बाद हुआ था, जिसमें कैलगरी के दशमेश कल्चरल सेंटर गुरुद्वारे में हुई एक घटना के बारे में जानकारी दी गई थी। इस घटना में दो इंडो-कैनेडियन लोगों को हथियारों से संबंधित आरोपों में गिरफ्तार किया गया था।

# रेप होता तो खेलने नहीं जाती...

**हाईकोर्ट ने 8 साल की बच्ची से रेप के आरोपी को किया बरी**

**नागपुर.** बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने 64 साल के एक रेप को आरोपी को बरी कर दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा है कि बच्ची अगर यौन उत्पीड़न का शिकार हुई होती तो वह डर जाती और सामान्य व्यवहार नहीं करती या खेलती नहीं। आरोपी को मार्च 2019 में आठ साल की बच्ची के साथ कथित रूप से बलात्कार करने के लिए पोक्सो अधिनियम और आईपीसी की धारा 376एबी के तहत 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी।

विजय जवांजल नाम का यह शख्स अमरावती जिले के अचलपुर का रहने वाला है।



जस्टिस गोविंदा सनप ने जवांजल को जेल से रिहा करने का आदेश देते हुए कहा, ॾयदि आरोपी ने बलात्कार किया था तो यह एक जघन्य कृत्य था। इस तरह के हादसे के बाद निस्संदेह बच्ची बहुत डर गई होती। इससे उसे बहुत दर्द और आघात पहुंचा होता। सामान्य परिस्थितियों में वह इस तरह के हादसे के बाद मौके से भागकर अपने घर चली जाती और अपनी मां को घटना के बारे में बताती।

वकील के मुताबिक तीसरी कक्षा की छात्रा, पीड़िता अपने घर के पास एक सामुदायिक मंदिर में खेलने गई थी। लेकिन कुछ समय तक बच्ची वहां नहीं दिखी। काफी देर बाद जब बच्ची लौटी तो मां ने उसे उसे स्कूल पहुंचा दिया। स्कूल से लौटने के बाद लड़की उदास और असहज लग रही थी। उसने अगले दिन अपनी मां को बताया कि आरोपी ने उसे मिठाई दी थी उसके प्राइवेट पार्ट को जबरदस्ती छुआ था और उसे दर्द हो रहा था। इसके बाद मां ने असेगांव पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी।

### ईरान दागने वाला है बैलिस्टिक मिसाइल

इजरायल-लेबनान जंग के बीच अमेरिका ने इजरायल को बड़ी चेतावनी देते हुए आगाह किया है कि ईरान उस पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला करने की तैयारी कर रहा है।

यह बात अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को चेतावनी जारी करते हुए कही। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो इजरायल समेत कई देशों को इसके 'गंभीर परिणाम' भुगतने पड़ सकते हैं। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर ये जानकारी दी है।

# भारत ने टी-20 स्टाइल में जीता कानपुर टेस्ट

- 2 दिन में मैच पलटा
- 34.3 ओवर में 285 रन बनाए
- बांग्लादेश को 2 बार ऑलआउट किया

भारत ने कानपुर टेस्ट में बांग्लादेश को 7 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया है।

बारिश से प्रभावित मुकाबले के आखिरी दिन मंगलवार को भारत को 95 रन का टारगेट मिला था, जिसे भारतीय बैटर्स ने 17.2 ओवर में हासिल कर लिया। यशस्वी जायसवाल ने 51 रन बनाए। कोहली 29 रन पर नाबाद रहे। विकेटकीपर ऋषभ पंत ने चौका जमाते हुए टीम को जीत दिलाई। जायसवाल प्लेयर ऑफ द मैच और अश्विन प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए।

लंच से पहले भारत ने



बांग्लादेश को दूसरी पारी में 146 रन पर ऑलआउट किया। बांग्लादेश ने 26/2 के स्कोर से दिन की शुरुआत की थी। सोमवार को भारत ने पहली पारी 34.4 ओवर में 9 विकेट पर 285 रन के स्कोर पर डिक्लेयर की।

टीम इंडिया ने बांग्लादेश की पहली पारी को 233 रन पर समेटा था। बारिश के कारण तीसरे और दूसरे दिन का खेल रद्द करना पड़ा था, जबकि पहले दिन सिर्फ 35 ओवर ही डाले जा सके थे। ऐसे में मैच लगभग ड्रॉ माना जा रहा था, लेकिन भारतीय टीम ने आखिरी 2 दिन में पूरी तस्वीर पलट दी।

### मैच से जुड़े रोचक फैक्ट

भारत ने होम ग्राउंड पर लगातार 18वीं सीरीज जीती है। टीम को आखिरी हार 2012 में मिली थी। टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ अजेय रिकॉर्ड कायम रखा है। दोनों के बीच 15 मैच हो चुके हैं।

### जायसवाल टॉप स्कोरर रहे

यशस्वी जायसवाल सीरीज के टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने दोनों पारियों में फिफ्टी जमाई। जायसवाल ने सीरीज में 47.25 के एवरेज से 189 रन बनाए।

### भारत के नाम रहा आखिरी दिन का खेल

मुकाबले के आखिरी दिन भारत का दबदबा रहा। बांग्लादेश ने 26/2 के स्कोर से दिन की शुरुआत की, लेकिन टीम ने लंच से पहले 120 रन बनाने में आखिरी 8 विकेट गंवा दिए। ओपनर शादमान इस्लाम (50 रन) और मुश्फिकुर रहीम (37 रन) ने थोड़ा जुझारूपन दिखाया, लेकिन उन्हें किसी अन्य बल्लेबाज का साथ नहीं मिला।

कानपुर की पिच में दिन की शुरुआत से टर्न देखने को मिला। इसका भारतीय स्पिनर्स ने बखूबी फायदा उठाया। रविचंद्रन अश्विन ने मोमिनुल हक को आउट करके टीम को दिन का पहला विकेट दिलाया। उन्होंने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर 6 विकेट चटकाए। विकेट टेकर्स की लिस्ट में जसप्रीत बुमराह भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी 3 विकेट लिए। एक विकेट आकाश दीप को मिला।


## PUBLIC NOTICE

NOTICE IS HEREBY GIVEN TO THE GENERAL PUBLIC THAT our client is in the process of purchasing the property known as "Room No. 1363 (A.C.Sheets), area admn. 321 sq.yds. equivalent to 2889 sq. fts. (as per C.D), situated in Block No. C-682, bearing City survey No. 23665, Ulhasnagar-421 004, Dist. Thane assessed in Municipal Ward No. 49, Khata No. 50/50, within the limits of Ulhasnagar Municipal Corpn." more particularly described in the Schedule hereunder written, in the name of Shri Sanjay Dharamdas Hassanandani who had purchased from Shri Naresh Manoharlal Vazirani.

All persons, any legal heirs, Banks/Financial Institution having any claim, right, title, share or interest against or in respect of the said Property and/or construction, if any, thereon, by way of sale, power of attorney, mortgage (equitable or otherwise), exchange, charge, lease, sub-lease, tenancy, inheritance, lien, license, gift, bequest, trust, maintenance, possession, easement, attachment or encumbrances howsoever or otherwise is hereby called upon to intimate to the undersigned in writing, within 15 days from the date of publication of this notice of his/her/their such claim/s, with all supporting documents failing which, the claim/s, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and no such claim/s will be deemed to exist. Our Client shall then proceed to complete the transaction relating to the said property without any encumbrances or further claims in future from any person/party/Banks/Financial Institution.

**THE SCHEDULE ABOVE REFERRED**

All that piece and parcel of "Room No. 1363 (A.C.Sheets), area admn. 321 sq.yds. equivalent to 2889 sq. fts. (as per C.D), situated in Block No. C-682, bearing City survey No. 23665, Ulhasnagar-421 004, Dist. Thane assessed in Municipal Ward No. 49, Khata No. 50/50, within the limits of Ulhasnagar Municipal Corporation.

Dated this 1st day of October, 2024

Sd/-
**(MANOJ C. KUKREJA)**
for M/s. Kukreja & Associates
Advocates
101, Prakash Shopping Complex,
Nr. Shikarpuri Dharamshala,
Ulhasnagar 421 001, Dist. Thane.

Contact Nos. :
Mobile: 93220 38000 /
9850037000-88560 38000
Te1 No. 0251-2734567



**Government of Maharashtra**
**Forest Department**
**Mangrove Division- North Konkan**
Abhimaan II, 5th Floor, Teen Haat Naka, Naupada, Thane (W)-400 602
Email- dfommcu@gmail.com
**Parent Portal: http://mahatenders.gov.in**
**E-Tender**

Tender Notice No. DFO/MDNK/14/2024-25.

Online Tender Forms in B-1 Format, for the following work are invited by the Divisional Forest Officer, Mangrove Division- North Konkan, Abhimaan II, 5th Floor, Teen Haat Naka, Naupada, Thane (W)-400 602 from the contractors registered with the Government of Maharashtra in appropriate class of Tender Notice.

The blank tender documents should be downloaded from Government website http://mahatenders.gov.in from 28/09/2024 at 03.00 pm to 05/10/2024 at 03.00 pm. Blank Tender documents will not be sold by this office; interested contractors have to download tender documents from the website. For any queries in this regard the interested contractors can contact on telephone no 022-69309286 during office hours.

All requisite information required for the submission of Bid Capacity documents is available on the above said website.

If any assistance is required regarding e-Tendering (uploading/downloading) please contact NIC Help Desk number: 1800 3070 2232.

| Sr. No | Name of work | Estimated cost | Earnest Money Deposit (Rs.) | Time limit for completion | Cost of Blank Tender Form (Non-Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 1. | Construction of boundary Demarcation Pillars at Beat Airoli and Mulund in TCFS Range of Mangrove Division- North Konkan. | 8,21,646/- | 8,216/- online net banking mode | 4 Months. | Rs. 500/- + GST Online net banking mode. |

1) No changes are to be made by the contractor in the tender documents published on the website. If any changes are made the tender documents will be rejected & action accordingly will be taken against the contractor. Information published on the government website will be final.
2) Right to reject any or all the tenders without assigning any reason there of is reserved.

Sd/-
Divisional Forest Officer,
Mangrove Division- North Konkan

**संक्षेप...**

## माता की चौकी का भव्य आयोजन कल

**ठाणे.** भगवान श्री रामचन्द्र के वंशज अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की जयंती के पावन अवसर पर कोठारी कंपाउंड,टिकुजीनिवाड़ी सर्कल गौरव स्वीट के सामने मानपाढा में भव्य माता की चौकी आयोजन राजस्थान प्रगति मंडल व समाज की कई संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है।भजन गायक राकेश बावलिया व भजन गायिका एकता केसर( अयोध्या )के मुखारविंद से भजन सुनने का अवसर भक्तों को मिलेगा।महाराजा अग्रसेन के जयंती पर आनंद आश्रम में भी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथों से हार पुष्प अर्पित किया जायेगा यह जानकारी समाज सेवक व राजस्थान प्रगती मंडल के अध्यक्ष राकेश मोदी ने दिया।

# महाराष्ट्र की 14 सीटों पर चुनाव में हुआ वोट जिहाद

■ **हिंदुत्व जगाने का समय- फडणवीस**

**मुंबई.** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि राज्य में एक लाख से ज्यादा लव जिहाद के मामले सामने आए हैं। उन्होंने कहा है कि फर्जी पहचान बताकर हिंदू लड़कियों को शादी के लिए बहलाया जा रहा है। विपक्षी महा विकास अघाड़ी पर निशाना साधते हुए देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया कि हाल के लोकसभा चुनावों में महाराष्ट्र के 48 सीटों में से 14 में वोट जिहाद देखा गया। सोमवार को कोल्हापुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवेंद्र फडणवीस ने कहा, ₹एक दशक पहले हम सोचते थे कि लव जिहाद की बात एक बार की घटना है। हमें लगा कि यह कोई साजिश नहीं है। अब हमने देखा है कि एक लाख से ज़्यादा शिकायतें मिली हैं जिनमें हिंदू महिलाओं को दूसरे धर्मों के पुरुषों के साथ भागकर शादी के लिए फुसलाया गया है।₹



बीजेपी नेता ने यहां वोट जिहाद का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने धुले लोकसभा सीट के नतीजों का हवाला दिया और कहा कि एमवीए उम्मीदवार मालेगांव सेंट्रल विधानसभा सीट पर बीजेपी उम्मीदवार के खिलाफ़ सामूहिक मतदान की वजह से जीते। उन्होंने कहा, "चुनाव परिणाम के अलावा असली चिंता कुछ लोगों के बढ़ते आत्मविश्वास को लेकर है जो सोचते हैं कि अगर वे बड़ी संख्या में मतदान कर सकते हैं तो वे हिंदुत्ववादी ताकतों को हरा सकते हैं भले ही वे अल्पसंख्यक हों।

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह जागने का समय है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ₹महाराष्ट्र में 48 लोकसभा क्षेत्रों में से 14 सीटों पर वोट जिहाद हुआ। हिंदू धर्म ने कभी भी अन्य धर्मों का अपमान नहीं किया। सहिष्णुता हमारे खून में है। अगर कोई हिंदू विरोधी नेताओं को शीर्ष पदों पर बैठाने के लिए वोट कर रहा है तो मैं हिंदुत्व को जगाने की जरूरत पर जोर देने की जरूरत है।₹

# कलवा में छात्रों को विषबाधा

■ **अस्पताल में 40 बच्चों का चल रहा इलाज**

**ठाणे.** कलवा के मनीषा नगर इलाके में सहकार विद्या प्रसारक मंडल स्कूल के कक्षा V और VI में पढ़ने वाले लगभग 40 छात्र फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए हैं. इन सभी छात्रों का इलाज ठाणे मनपा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में चल रहा है और उनकी हालत स्थिर है, अस्पताल प्रशासन ने जानकारी दी है।

इस विद्यालय में सरकार द्वारा प्रदत्त स्कूली पोषाहार भी उपलब्ध कराया गया। यह मंगलवार दोपहर को मनीषा नगर दत्तवाड़ी सहकार विद्या प्रसारक मंडल के विद्यार्थियों को दिया गया। इसमें चावल, दाल और मटकी आदि शामिल थे. इस भोजन को परोसते समय कुछ छात्रों को इसकी गंध से उल्टी होने लगी। कुछ लोगों को खाना खाने के बाद उल्टी, पेट दर्द की समस्या होने लगी। इसके बाद घटना की गंभीरता को देखते हुए छात्रों को तुरंत नगर निगम के छत्रपति शिवाजी अस्पताल में शिफ्ट किया गया.

अस्पताल प्रशासन का अनुमान है कि यह खाना खाने से 40 छात्रों को जहर मिला है. इसके अलावा, छात्रों के माता-पिता भी अस्पताल पहुंचे क्योंकि स्कूल प्रबंधन ने शाम को छात्रों के परिवारों को इस बारे में सूचित किया। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि जहर खाने वाले छात्र 5वीं और 6वीं कक्षा के छात्र हैं. पूर्व नगरसेवक मिलिंद पाटिल ने दावा किया है कि यहां पहले भी परोसे गए खाने में कॉकरोच और कीड़े पाए गए थे. डॉ. अनिरुद्ध मालगांवकर ने बताया कि फिलहाल सभी छात्रों की हालत स्थिर है.

## ठाकुर्ली-कल्याण लाइन पर तकनीकी खराबी



**कल्याण.** ठाकुरली-कल्याण लाइन पर तकनीकी खराबी की घटना मंगलवार शाम 7.15 बजे हुई. घटना के कारण धीमे रूट पर ट्रैफिक में देरी हुई. डोंबिवली, कल्याण रूट पर कुछ लोकल ट्रेनें एक के बाद एक खड़ी रहीं. इससे घर लौट रहे नौकरीपेशा लोगों को बड़ी परेशानी हुई.

डोंबिवली लोहमार्ग पुलिस इस बारे में कोई जानकारी नहीं दे सकी कि वास्तव में क्या हुआ था। लेकिन ठाकुर्ली कल्याण मार्ग पर सिग्नल नहीं होने के कारण लोकल ट्रेनें धीमे मार्ग पर खड़ी थी और खचाखच भरे हुए थी. कुछ ने कहा कि यह ओवरहेड तार की समस्या थी, जबकि अन्य ने कहा कि यह सिग्नल विफलता थी। रेलवे की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गयी. उस घटना के कारण देर रात तक स्थानीय परिवहन का शेड्यूल बाधित हो गया, जिससे कर्मचारियों को परेशानी हुई.

# ठाणे मनपा का 42वां स्थापना दिन हर्षोल्लास से मना



**ठाणे.** ठाणे मनपा का 42वां वर्धापन दिन हर्षोल्लास से मनाया गया. मनपा मुख्यालय पर आयुक्त सौरभ राव के हाथों से ध्वजारोहण किया गया. इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त 1 संदीप मालवी व अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे व अग्निशमन विभाग के प्रमुख गिरिश झलके उपस्थित थे. इसके बाद में अग्निशमन दल, सुरक्षा दल, एमएसएफ ने संचालन किया और इसका नेतृत्व जवाहर बाग अग्निशमन केंद्र के प्रमुख संदीप कदम व बालकूम अग्निशमन केंद्र प्रमुख प्रमोद काकलीज ने किया. ध्वजारोहण व संचालन के बाद स्वर्गीय नरेंद्र बल्लाल सभागृह में लगे नेताओं की प्रतिमा पर हार पुष्प अर्पित कर अभिवादन आयुक्त सौरभ राव ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, प्रशांत रोडे, उपायुक्त अनघा कदम, गजानन गोदेपुरे, उमेश बिरारी, सचिन पवार, दिनेश तायडे, शंकर पाटोले, मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी दिलीप सूर्यवंशी, टीएमटी व्यवस्थापक भालचंद्र बेहरे,सहायक आयुक्त अलका खैरे, भालचंद्र घुगे, उपनगर अभियंता गुणवंत झांब्रे, विनोद पवार, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी चेतना के, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान,आपदा प्रबंधन अधिकारी यासीन तडवी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे.

# डीपी में मनमाफिक बदलाव के लिए पैसे की हो रही डिमांड

■ **भाजपा विधायक महेश चौगुले की एंटी करप्शन, लोकायुक्त, नगर विकास विभाग से शिकायत**

उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम भाजपा विधायक महेश चौगुले ने प्रतावित डीपी में पैसा लेकर मनमाफिक बदलाव किए जाने का गंभीर आरोप मनपा प्रशासक, आयुक्त अजय वैद्य पर लगाया है. उन्होंने एसीबी मुंबई, ठाणे,लोकायुक्त,नगर विकास विभाग को दिए शिकायत पत्र में भिवंडी शहर के सर्वांगीण विकास की खातिर प्रस्तावित डीपी को लेकर शुरू भारी भ्रष्टाचार को रोकने की खातिर सक्षम,कुशल अधिकारी से उच्चस्तरीय जांच कराने पर जोर दिया है.

गौरतलब हो कि, भिवंडी भाजपा पश्चिम विधायक महेश चौगुले ने एसीबी, लोकायुक्त, नगर विकास विभाग को दिए शिकायती पत्र में शहर की प्रस्तावित डीपी में मनमाफिक बदलाव के लिए लोगों से पैसे की भारी डिमांड का गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि, प्रस्तावित डीपी प्लान 2023-43 में शहर की निरंतर बढ़ती जनसंख्या एवम विकास के सभी मुद्दों को पूर्णतया नजरंदाज कर कुछ राजनेताओं की शह एवम भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से बेहद जल्दबाजी में विकास प्रारूप बनाया गया है. प्रस्तावित डीपी में अधिसंख्य लोगों को परेशान करने के लिए आर्थिक फायदा उठाने के लिए अनायास ही शहर सीमा अंतर्गत कई भूखंड पर अनावश्यक रूप से आरक्षण डाला गया है. प्रस्तावित डीपी को लेकर करीब 8,000 से अधिक लोगों ने डीपी सुधार कमेटी के समक्ष शिकायतें दर्ज कराई हैं. प्रस्तावित डीपी में किसी भी भूखंड पर डाले गए आरक्षण को निकाले जाने की खातिर लाखों रुपए डिमांड की चर्चा समूचे शहर में फैली है.

### डीपी में बदलाव आयुक्त का एकमेव अधिकार



विधायक चौगुले का खुला आरोप है कि प्रस्तावित डीपी में आरक्षित भूखंड के मनमाफिक बदलाव के लिए कुछ बाहरी दलाल सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं. शासन द्वारा 5 सदस्यों की डीपी में शिकायतों की सुनवाई सहित रिजर्व लैंड का सर्वे करके पारदर्शी, तथ्यात्मक रिपोर्ट बनाने के लिए प्रशासक अजय वैद्य की अध्यक्षता में कमेटी बनाई गई है. शासन द्वारा नामित 5 सदस्यीय जांच कमेटी तमाम शिकायतों की सुनवाई के बाद डीपी संबंधित रिपोर्ट अध्यक्ष, आयुक्त अजय वैद्य को सौंपेगी.कमेटी द्वारा सौंपी गई आवश्यक सुझाव रिपोर्ट को आयुक्त वैद्य द्वारा अग्रिम कार्यवाही की खातिर नगर विकास विभाग को सौंपा जाएगा. विधायक चौगुले का आरोप है कि, प्रस्तावित डीपी में किसी भी बदलाव के लिए कमेटी अध्यक्ष के रूप में आयुक्त अजय वैद्य की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है. प्रस्तावित डीपी में चिन्हित किसी भी आरक्षित भूखंड को आरक्षण से बाहर निकाले जाने के लिए लाखों रुपए की डिमांड का भ्रष्ट खेला आयुक्त वैद्य के इशारे पर ही कुछ दलालों द्वारा अंजाम दिया जा रहा है. भ्रष्टाचार की वजह से डीपी की पारदर्शिता पर गंभीर सवालिया निशान खड़ा हो गया है.

# भिवंडी में कोयता गैंग की दहशत

■ **मुख्य आरोपी सहित 10 गुंडों पर मामला दाखिल**

■ **सभी आरोपी फरार**


उल्हास विकास संवाददाता



**भिवंडी.** पुणे में कोयता गैंग सक्रिय होने के बाद अब भिवंडी कामतघर परिसर में भी कोयता गैंग की दहशत का मामला प्रकाश में आया है. शहर पुलिस ने 3 मुख्य आरोपी सहित 10 लोगों पर आपराधिक मामला दर्ज किया है. पुलिस ने अभिषेक देशमुख, मॉडेल, सुम्या सहित अन्य 7 साथियों पर मामला दाखिल किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कामतघर गाव निवासी निलेश भगवान पाटील सुबह 7 बजे अपनी तनिष्का चिल्ड वाटर नामक पेयजल विक्री की दुकान जा रहे थे. उसी दौरान उनकी दुकान के सामने स्थित पीस पार्क गार्डन के पास आरोपी अभिषेक देशमुख सहित उसके साथी किसी के साथ गालीगलौज,मारपीट कर रहे थे. विवाद को शांत कराने के लिए नीलेश पाटिल ने सबको समझाया और घर जाने को कहा.नीलेश पाटिल के समझाए जाने पर नाराज होते हुए मुख्य आरोपी अभिषेक, मॉडेल, सुम्या आदि शाम को दुकान पर बैठे नीलेश पाटिल को मारने के लिए हाथ में धारदार कोयता लेकर आए और धमकी देते हुए दुकान के कपाट में रखे 8,630 रुपए लेकर भागने की कोशिश की.पाटिल द्वारा विरोध करने पर मारपीट पर उतारू हो गए.नीलेश का साला पवन म्हात्रे झगड़ा छुड़ाने आया तो गुंडों ने पिटाई कर दी.एक गुंडे ने नीलेश पाटिल पर कोयते से हमला किया लेकिन वह बाल बाल बच गया है.घटना के बाद सभी आरोपी 8,630 रुपए लेकर हाथ में धारदार कोयता लहराते हुए भाग गए.पीड़ित नीलेश पाटिल की शिकायत पर पुलिस ने कोयता गैंग के खिलाफ आपराधिक मामला दाखिल किया है.उक्त घटना से सुरक्षा को लेकर क्षेत्र में दहशत फैली है.

# बांग्लादेश का मनोरोगी युवक उपचार के बाद पुलिस के मदद से पहुंचा अपने वतन



**ठाणे.** नशीले पदार्थों का सेवन करने वाले बांग्लादेशी युवक अपना मानसिक संतुलन खो दिया था जिसके कारण वह यात्रा के दौरान विमान में एक महिला कर्मचारी के साथ में अभ्रतापूर्ण व्यवहार किया। उसके इस बर्ताव पर पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके दिमागी हालात को ठीक करने के लिए ठाणे में स्थित मनोरोगी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में एक साल तक दवा, ग्रुप थेरेपी कर मानसिक संतुलन पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद उसके वतन बांग्लादेश पुलिस के मदद से भेज दिया गया। बांग्लादेश का रहिवासी काल्पनिक नाम फैजल शेख नशीले पदार्थों के सेवन का आदि हो गया था। सितंबर 2023 में मस्कत से मुंबई के लिए आने वाले विमान में नशे में धुत महिला कर्मचारी के साथ में अश्लीलता से बातचीत करने लगा। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए विमान कंपनी ने फैजल को सहारा पुलिस थाने में उसके खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस ने उसके बातचीत को लेकर मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ देख तत्काल ठाणे में स्थित मनोरोगी अस्पताल में संपर्क कर उपचार के लिए भर्ती करवाया। अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. नेताजी मुलिक के मार्गदर्शन में साल भर फैजल का उपचार सुचार रूप से किया गया।

बांग्लादेश के राजदूत फैजल का खोजबीन शुरू किया था इस बीच उनको जानकारी मिला की उसका उपचार मनोरोगी अस्पताल में चल रहा है। पिछले चार महीने पहले फैजल की स्थिति में सुधार को लेकर पुलिस ने सहयोग से बांग्लादेश भेज दिया गया। इसके उपचार के लिए मनोरोग डॉ.आशिष पाठक, मनरोग नर्स स्मिता राणे, डॉ.पायल सुरपाम, डॉ. प्रियतम दंडवते,डॉ. ममता अलसपुरकर, डॉ भागवत आदि के अथक प्रयास से संभव हुआ।


### आम सूचना

मैं श्री विजयकुमार दयाराम बालानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि फ्लैट नं. 203, 2रा माला, शिल्पा को.आप. हाउसिंग सोसायटी, बैरक नं. 844, सेक्शन 18, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 32सीओ006069900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कमल शत्रुघन करमचंदानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 20.9.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री विजयकुमार दयाराम बालानी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती वर्षा दिलीप कामरा सभी को सूचित कर रही हूं कि बैरक नं. 1530, रुम नं.9, भाजी मार्केट रोड, सेक्शन 29, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 45सीआय010244200) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती प्रीत विजय रोहरा अल्यास निकिता दिलीप कामरा व श्रीमती जया दिलीप कामरा के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 30.9.2024 सी.नं. 4512/2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती वर्षा दिलीप कामरा**


# गोविंदा के पैर में गोली लगी



## रिवॉल्वर रखते वक्त मिसफायर

बॉलीवुड एक्टर गोविंदा (60) पैर में गोली लगने से घायल हो गए हैं। उन्हें खुद की रिवॉल्वर से गोली लगी। वो रिवॉल्वर अलमारी में रख रहे थे, तभी गोली चल गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 4.45 बजे की है। ऑपरेशन कर उनके पैर से गोली निकाल दी गई है। एक्टर फिलहाल खतरे से बाहर हैं। DCP दीक्षित गेडाम ने बताया कि जिस समय घटना हुई उस समय गोविंदा घर में अकेले थे। उनके पास एक लाइसेंसी रिवॉल्वर है। रिवॉल्वर से गलती से गोली चली, जो उनके पैर पर लगी। इस मामले से जुड़ी कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। मामले में कुछ भी संदिग्ध नहीं है। सूत्रों के अनुसार, मुंबई पुलिस ने घटना के बाद गोविंदा की रिवॉल्वर जब्त कर ली है। दोपहर में मुंबई पुलिस उनके घर पर जांच के लिए पहुंची है।

### गोविंदा खतरे से बाहर

जानकारी के मुताबिक, गोली लगने से उनके पैर से काफी खून बह गया था। इलाज के लिए अंधेरी के क्रिटी केयर हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है। हॉस्पिटल से जुड़े सुत्रों के अनुसार, शुरुआती इलाज के बाद अब गोविंदा खतरे से बाहर हैं। उनकी बेटी टीना (नर्मदा) फिलहाल अस्पताल में उनके साथ मौजूद हैं। जबकि हादसे के समय उनकी पत्नी सुनीता आहूजा जयपुर में बाबा खाटूश्याम के दर्शन करने गई हुई थीं।


THE NAVJEEVAN CO.OP. BANK LTD. ESTD : 1985

NAV JEEVAN CO-OP. BANK

*Head Office:*
*Bhawani Saw Mills Compound, Ulhasnagar-3.*
*☎: 0251-2572101:2568541/Fax 2567523*
*Visit us at: www.navjeevanbank.com*

**SERVICES AVAILABLE**

**Features and Services of Bank**
- Different types of Deposits Schemes with Attractive Deposits Rates.
- All types of Loans & Advances facilities with Competitive Rate.
- 24x7 NEFT/RTGS Services.
- Safe and Secure Mobile Banking Service with NEFT and RTGS Services.
- Franking Service in Ulhasnagar and Thane.
- Insurance Service through corporate Partners

**Upcoming Service**

**Blocking & Unblocking ATM cards through SMS.**





यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099